**उत्तर प्रदेश विधान परिषद के प्रथम सत्र, 2025 के प्रथम सोमवार हेतु निर्धारित श्री अनूप कुमार गुप्ता, मा० सदस्य, विधान परिषद द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-4 का उत्तर।**

| **प्रश्न** | **उत्तर** |
|---|---|
| **4-** (क) क्या नगर विकास मंत्री बतायेंगे कि प्रश्नकर्ता का पत्र पत्रांक संख्या-247/बी०जे०पी० यू०पी०/2024 दिनांक 17-09-2024 जो कि समराही रोड, सआदतगंज, लखनऊ में स्थित शिव मन्दिर के जीर्णोद्धार एवं सौन्दर्यीकरण नगरीय सीवरेज एवं जल निकासी योजनान्तर्गत कराये जाने के संबंध में प्रेषित था, कब प्राप्त हुआ है ? | प्रश्नगत पत्र दिनांक 18-09-2024 को प्राप्त हुआ है।<br>प्रश्नगत पत्र के साथ श्री सर्वेश शर्मा पुत्र श्री केशव राम शर्मा, निवासी-समराही रोड, सआदतगंज, लखनऊ दिनांक रहित पत्र द्वारा समरही रोड स्थित शिव मंदिर के जीर्णोद्धार/ सौन्दर्यीकरण कराये जाने तथा नगरीय सीवरेज एवं जल निकासी योजनान्तर्गत जल भराव की समस्या के निदान का अनुरोध किया गया है। |
| (ख) उक्त पत्र के मुख्य बिन्दु क्या थे ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ग) क्या उपरोक्त कार्य करा दिया गया है ? | प्रश्नगत क्षेत्र में स्थित शिव मंदिर में जल भराव की समस्या के निदान हेतु नगर निगम, लखनऊ द्वारा 15वें वित्त आयोग की धनराशि से लौहारो वाली पुलिया से शिव मंदिर होते हुए सहादतगंज बड़ा चौराहा तक नाली निर्माण का कार्य प्रगति पर है, उक्त नाली निर्माण का कार्य शीघ्र ही पूर्ण करा लिया जायेगा। |
| (घ) यदि हॉ, तो कब ? | उपरोक्तानुसार। |
| (ड़) यदि नहीं, तो क्यों ? | प्रश्न नहीं उठता। |

**ए.के. शर्मा**
**मंत्री**
**नगर विकास विभाग।**